युवाओं को आईटीआई में मिलेगा अत्याधुनिक प्रशिक्षण

प्रदेश सरकार और टाटा के बीच हुआ एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को पुराने जमाने का प्रशिक्षण देकर उनका वक्त खराब नहीं किया जाएगा। प्रदेश सरकार युवाओं को आईटीआई में अत्याधुनिक प्रशिक्षण दिलाएगी ताकि वे प्रशिक्षण पूरा करते ही रोजगार हासिल कर सकें। वे अपने जीवन यापन के साथ ही देश व प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। योगी रविवार को टाटा टेक्नोलॉजी और राज्य सरकार के बीच हो रहे एमओयू के दौरान बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजी ने उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षक उपलब्ध कराएं हैं। इससे आईटीआई के छात्रों के साथ ही उनके प्रशिक्षकों को भी फायदा मिलेगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि टाटा समूह और राज्य सरकार मिलकर इस परियोजना के जरिए टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत की है। इससे युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार करने में मदद मिलेगी। इस दौरान व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा, टाटा के एमडी वारेन हैरिस, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

150 आईटीआई के उन्नयन के लिए एमओयू : प्रदेश के 150 राजकीय आईटीआई के उन्नयन के लिए राज्य सरकार एवं टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के बीच रविवार को एमओयू हुआ है। यह एमओयू 10 साल के लिए है। इसके तहत चयनित आईटीआई में आधुनिक प्रकृति की मशीनें, उपकरण व सॉफ्टवेयर आदि को स्थापित किया जाएगा। स्मार्ट कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। यह मार्च 2023 से शुरू हो जाएगा। परियोजना के तहत 11 नए आईटीआई ट्रेडस तथा 23 शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएंगे।

एमओयू के दौरान सीएम योगी को स्मृति चिह्न भेंट करते टाटा टेक्नोलॉजी के अफसर। -विज्ञप्ति

कार्यालय